दिनांक : 29.05.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनावों के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार कल शाम को थम जाएगा। इसके पहले इस चरण की सीटों पर प्रचार चरम पर है । आज प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में एक चुनावी रैली को संबोधितक किया उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर मुहैया कराए हैं और 12 करोड़ से अधिक घरों में नल से पानी कनेक्शन पहुंचाया है साथ ही हर गांव में बिजली पहुंचाई गयी है। श्री मोदी ने कहा कि यह चुनाव जनता खुद आगे बढ़कर लड़ रही है, क्योंकि उन्होंने 10 साल की विकास यात्रा देखी है। उधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा है कि पंजाब में ड्रग एक गंभीर समस्या है और ये समस्या दिन प्रति दिन बढ रही है। लुधियाना में आज एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने इस मुद्दे पर कडी कार्रवाई करने की आवश्यकता की बात कही। श्री गांधी ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्यान्वित करने का वचन दिया और कहा कि किसानों के ऋण भी माफ कर दिये जाएंगे।

....

बरोदिया नोनागिर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सागर जिले के खुरई तहसील के बरोदिया नोनागिर के पीड़ित अहिरवार परिवार से मिलने पहुंचे। पिछले दिनों राजेंद्र अहिरवार और उनकी भतीजी अंजना अहिरवार की हादसे में मृत्यु हो गई थी। डॉ. यादव ने परिवार के बीच बैठकर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पप्पू रजक के घर जाकर उनके परिवारजनों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरोदिया नोनागिर की घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसी घटना न हो, यह हमारा प्रयास होगा। राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यहां पर पुलिस चौकी खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व.राजेंद्र अहिरवार के परिवार को 8 लाख 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

....

रेत अवैध खनन

प्रदेष में रेत सहित अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण तथा ओवरलोडिंग पर कार्यवाही जारी है। नदियों में निर्धारित मापदंड से हटकर उत्खनन करने वालों पर भी सख्त कार्यवाही की जा रही है। देवास, सीहोर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, खरगौन, हरदा एवं शहडोल सहित प्रदेश में लगभग–200 प्रकरण दर्ज कर डंपर, पोकलिन मशीन, पनडुब्बी इत्यादि ज़ब्त की गयी है और एक करोड़ 25 लाख रूपये का राजस्व अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गत दिवस विभागों की समीक्षा के दौरान, नदियों से अवैध उत्खनन करने वालों पर सख़्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। अवैध उत्खनन करने वालों के विरुद्ध 15 जून तक अभियान चला कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

....

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर आज भी जारी है । मौसम विभाग ने आज भी गर्मी के तेवर इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। लेकिन कल से तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है। भोपाल मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्वालियर, निवाड़ी समेत 18 जिलों में भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है, वहीं 21 जिलों में लू का ऑरेंज और यलो अलर्ट है। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में पड़ोसी राज्य राजस्थान, गुजरात और उत्तर प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। हवाओं का रुख भी पश्चिमी बना हुआ है। दिन में 13 घंटे से अधिक समय तक धूप बनी रहने और लगातार गर्म हवाएं चलने के कारण प्रदेश के अधिकतर शहरों में लू या लू जैसे हालात बने हुए हैं। इस बीच कल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होने जा रहा है। इस वजह से हवाओं का रुख बदलने की संभावना है। इस वजह से गुरुवार से अधिकतम तापमान में कुछ कमी आने की उम्मीद है।

....

मतगणना तैयारियां

प्रदेश में चार चरणों में संपन्न लोकसभा चुनावों की मतगणना 4 जून को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल प्रदेश के सभी 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर उन्हें मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये। इस बीच बालाघाट में स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रांगण में मतगणना होगी। इस संबंध में आज जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी को तीन चक्रों में सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराया।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- धार में संस्कार भारती द्वारा 26 से 28 मई तक तीन दिवसीय संगीत, चित्रकला और मूर्तिकला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं ने भागीदारी की ।
- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ दर्शन के लिए देश दुनिया भर से आए पर्यटकों की सुविधा के लिए पहली बार वाटर एटीएम की शुरुआत की गई है जिससे, भीषण गर्मी में कम दामों में पेयजल उपलब्ध रहेगा

....